मेट्रो-3 को नेवी नगर तक पहुंचाने की तैयारी

■ **वसं, मुंबई :** मुंबई की अंडरग्राउंड मेट्रो को कफ परेड से नवीनगर तक ले जाने का प्लान मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) ने तैयार कर लिया है। मेट्रो को नेवी नगर तक ले जाने के लिए मेट्रो के मार्ग में 2.5 किमी का विस्तार होना है। 2.5 किमी के मार्ग पर मेट्रो कहा से गुजरेगी, इसका डिटेल प्रॉजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर लिया गया है। एमएमआरसी प्रवक्ता के अनुसार, डीपीआर को मंजूरी के लिए सरकार के पास भेजा जाएगा। 2025 में मेट्रो के इस रूट पर काम शुरू करने की योजना पर काम किया जा रहा है। कफ परेड से आरे के बीच मेट्रो-3 कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। पूरे कॉरिडोर का निर्माण कार्य 85 प्रतिशत तक हो चुका है। मेट्रो प्रशासन मेट्रो के जारी निर्माण कार्य के मार्ग पर सेवा शुरू करने के बाद आगे के मार्ग पर काम शुरू करने की योजना तैयार की है।

मंजूरी के लिए सरकार के पास जाएगा प्रस्ताव